卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंध्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 232 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦29 मई 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ: नितिन नवीन

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दूसरे दिन सांसदों और विधायकों के साथ किया मंथन





देहरादून (उद संवाददाता)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष ने अपने तीन दिवसीय उत्तराखंड प्रवास के दूसरे दिन सांसदों और विधायकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत मंथन किया गया। बैठक के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक संगठन नहीं बल्कि राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ कार्य करने वाला परिवार है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना पार्टी कार्यकर्ताओं की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने, सरकार की उपलब्धियों को घर घर तक पहुंचाने और जनसमस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। नितिन नवीन ने कहा कि उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और सरकार जनहित से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। उन्होंने कहा कि संगठन और सरकार के बेहतर समन्वय से जनता का विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों, बूथ स्तर तक संगठन की मजबूती, जनसंपर्क अभियानों और युवाओं को पार्टी से जोड़ने को लेकर भी दिशा निर्देश दिए। साथ ही डिजिटल प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी की नीतियों और सरकार की योजनाओं को प्रभावी तरीके से लोगों तक पहुंचाने पर भी जोर दिया। बैठक में प्रदेश के समग्र विकास, जन अपेक्षाओं की पूर्ति तथा समाज के प्रत्येक वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री (शेष पृष्ठ 7 पर)

## मुख्यमंत्री आवास पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ स्वागत

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने शासकीय आवास पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन तथा भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री



संगठन बीएल संतोष का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान पार्टी संगठन और विभिन्न सम सामयिक विषयों को लेकर चर्चा भी हुई। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि दोनों वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन संगठन की शक्ति और कार्यकर्ताओं के उत्साह का आधार है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व के निर्देशन में संगठन लगातार मजबूत हो रहा है तथा कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा मिल रही है।

## मौत बनकर पलटा डंपर, चालक समेत महिला की दर्दनाक मौत

### डंपर के साथ टूटकर गिरे डिवाइडर झोपड़ी पर गिरे



टिहरी (उद संवाददाता)। टिहरी जनपद में भद्रकाली तिराहे के आगे गुरुवार सुबह एक तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसा इतना भीषण था कि डंपर सड़क से करीब 20 मीटर नीचे खेत में जा गिरा। दुर्घटना में वाहन चालक और सड़क किनारे झोपड़ी में रह रही एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार डंपर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे जा गिरा। हादसे के दौरान सड़क पर लगे दो भारी कंक्रीट डिवाइडर भी टूटकर नीचे जा गिरे, जो सड़क के बायीं ओर स्थित झोपड़ी पर जा गिरे। झोपड़ी में मौजूद महिला डिवाइडर के नीचे दब गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और एसडीआरएफ की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। राहत एवं बचाव अभियान चलाते हुए एसडी आरएफ जवानों ने डिवाइडर के नीचे दबी महिला को बाहर निकाला और एंबुलेंस के माध्यमसे अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं वाहन चालक को टीम के पहुंचने से पहले ही अस्पताल पहुंचाया गया था, लेकिन चिकित्सकों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान चालक फारुख निवासी बहादरपुर लक्सर हरिद्वार तथा कौशल्या पत्नी सुरेश निवासी बावाड़ी शिवपुरी के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा बेहद भयावह था। (शेष पृष्ठ सात पर)

## हादसे में बुजुर्ग ट्रांसपोर्टर की दर्दनाक मौत



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शुक्रवार तड़के किच्छा मार्ग पर ग्राम लालपुर में स्थित पैट्रोल पंप के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से गाड़ियों में तेल डलवाने आये क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित बुजुर्ग ट्रांसपोर्टर की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर आ पहुंचे और उनमें कोहराम मच गया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया और शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार आईडिया कालोनी लालपुर निवासी 66 वर्षीय प्रतिपाल सिंह पुत्र अवतार सिंह क्षेत्र के प्रतिष्ठित ट्रांसपोर्ट कारोबारी थे। बताया जाता है कि आज प्रातः करीब चार बजे वह अपने वाहनों में तेल डलवाने के लिए लालपुर स्थित पैट्रोल पंप में आये हुए थे। इसी दौरान जब वह किसी कार्य के लिए सड़क किनारे खड़ी अपनी कार से उतरकर मुख्य मार्ग की ओर आये तो उसी दौरान तेज गति से जाते अज्ञात वाहन ने उन्हें जोर से टक्कर मार दी और चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। इस हादसे में प्रतिपाल सिंह लहूलुहान होकर गंभीर अवस्था में सड़क पर गिर गये। घटना के बाद मौके पर उनके वाहनों के कर्मी आ पहुंचे और उन्होंने मामले की सूचना तत्काल उनके परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन आ पहुंचे तब तक प्रतिपाल सिंह की मौत हो चुकी थी। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिसकर्मी भी वहां आ गये और उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया तथा परिजनों से आवश्यक जानकारी लेकर शव को अपने कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। (शेष पृष्ठ सात पर)

## लाखों की चोरी का पर्दाफाश, शातिर दबोचा

### चौबीस घंटे के भीतर खुलासा, 3.17 लाख नकदी बरामद



हल्द्वानी। मुखानी क्षेत्र में कार्यालय का ताला तोड़कर लाखों रुपये की नकदी चोरी करने वाले शातिर चोर को पुलिस ने घटना के महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई 3 लाख 17 हजार 500 रुपये की नकदी और महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए हैं। मामले का खुलासा एसपी सिटी मनोज कत्याल ने प्रेस वार्ता के दौरान किया। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर जिले में आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और पंजीकृत मुकदमों के त्वरित खुलासे के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सीओ हल्द्वानी अमित कुमार के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष मुखानी सुशील जोशी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने इस चोरी की घटना का सफल अनावरण किया। उन्होंने बताया कि 27 मई 2026 को विक्रम सिंह (शेष पृष्ठ सात पर)

## रीठा साहिब जोड़ मेले का श्रद्धा और उल्लास के साथ शुभारंभ

### देश विदेश से पहुंचे श्रद्धालुओं ने टेका मत्था, प्रशासन ने सुविधाओं के किए पुख्ता इंतजाम



चम्पावत (उद संवाददाता)। जनपद चम्पावत की पावन लधिया और रतिया नदी के संगम पर स्थित विश्व प्रसिद्ध सिख तीर्थ गुरुद्वारा श्री रीठा साहिब में तीन दिवसीय वार्षिक जोड़ मेले का शुक्रवार को श्रद्धा, सेवा और भक्ति भाव के साथ विधिवत शुभारंभ हो गया। मेले के पहले ही दिन देश विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु गुरुद्वारा साहिब पहुंचे और गुरु महाराज के दरबार में मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। जोड़ मेले का शुभारंभ जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती, उपजिलाधिकारी पाटी नितेश डागर, कार सेवा प्रमुख बाबा बच्चन सिंह, बाबा सुरेंद्र सिंह और गुरुद्वारा प्रबंधक बाबा श्याम सिंह की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधन समिति एवं कार सेवा के संतों द्वारा अतिथियों और प्रशासनिक अधिकारियों को सिरोपाव और कृपाण भेंट कर सम्मानित किया गया। मेले के पहले दिन करीब 1500 श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारा श्री रीठा साहिब पहुंचकर दर्शन किए। पूरे क्षेत्र में शबद कीर्तन और गुरु वाणी की मधुर ध्वनि से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने गुरु घर में चल रहे धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेते हुए सेवा भाव से लंगर छका। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती ने मेले की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन द्वारा विशेष प्रबंध किए गए हैं। अस्थायी पार्किंग स्थल, स्नान के लिए नदी तट पर कच्चे पुल का निर्माण, विश्राम स्थल और लंगर व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया गया है। इसके साथ ही (शेष पृष्ठ सात पर)

## वाटर पार्क में विवाद के बाद युवक पर जानलेवा हमला

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रुद्रपुर के एक वाटर पार्क में नहाने के दौरान हुए मामूली विवाद के बाद युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने नामजद और अन्य अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंगापुर रोड स्थित नंद बिहार कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 24 मई 2026 को उनका पुत्र दोपहर करीब 2 बजकर 15 मिनट पर अनन्या वाटर पार्क नहाने गया था। आरोप है कि नहाने के दौरान पैर टच होने को लेकर कुछ युवकों से कहासुनी हो गई। विरोध करने पर आरोपी युवक गाली गलौज करने लगे और बाद में वहां से चले गए। तहरीर के अनुसार जब युवक नहाकर वाटर पार्क से बाहर निकला तो पहले से घात लगाए बैठे युवकों ने उस पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों के हाथों में धारदार हथियार, चाकू, पंच और स्टील की रॉड थी, जबकि एक युवक के पास देसी कट्टा भी मौजूद था। आरोपियों ने युवक के सिर पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमले में युवक का सिर फट गया और वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा। आरोप है कि हमलावर युवक (शेष पृष्ठ सात पर)

# भाजपा ने 2027 के महासंग्राम के लिए फूंका चुनावी बिगुल

## उत्तराखंड पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, हारी हुई सीटों पर जीत के लिए बूथ प्रबंधन की युद्ध जैसी रणनीति







देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करने के लक्ष्य को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अब हारी हुई विधानसभा सीटों पर विशेष फोकस शुरू कर दिया है। पार्टी ने लोकसभा और विधानसभा चुनावों में कमजोर प्रदर्शन वाली सीटों को चिन्हित करते हुए बूथ स्तर तक मजबूत संगठनात्मक ढांचा खड़ा करने की रणनीति बनाई है। भाजपा इन सीटों पर युद्ध स्तर पर बूथ प्रबंधन अभियान चलाएगी और प्रदेश कोर कमेटी के सभी सदस्यों को दो-दो दिन के प्रवास की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के तीन दिवसीय उत्तराखंड दौरे के दौरान देहरादून स्थित प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रदेश कोर कमेटी की बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत मंथन किया गया। बैठक का मुख्य फोकस वर्ष 2027 का विधानसभा चुनाव और संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाना रहा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पार्टी नेताओं और पदाधिकारियों को बूथ प्रबंधन का मंत्र देते हुए कहा कि चुनावी जीत का सबसे मजबूत आधार बूथ होता है और प्रत्येक बूथ पर पार्टी की सक्रियता और जनसंपर्क को बढ़ाना होगा। बैठक में विशेष रूप से उन विधानसभा सीटों की समीक्षा की गई, जहां भाजपा को पिछले लोकसभा या विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। इन सीटों पर पार्टी अब विशेष रणनीति के तहत काम करेगी। प्रत्येक बूथ के लिए कार्यकर्ताओं की अलग टीम गठित की जाएगी, जो मतदाताओं से नियमित संपर्क बनाए रखने के साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की



योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का काम करेगी। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि बूथ स्तर पर मजबूत पकड़ ही चुनावी जीत की कुंजी साबित होगी। कोर कमेटी की बैठक में यह भी तय किया गया कि प्रदेश कोर कमेटी के सभी सदस्य हारी हुई विधानसभा सीटों में दो-दो दिन का प्रवास करेंगे। प्रवास के दौरान वे विधानसभा स्तरीय बैठकों में भाग लेने के साथ बूथ स्तर तक जाकर कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। साथ ही स्थानीय समस्याओं और जनभावनाओं का फीडबैक लेकर सरकार को सुझाव भी देंगे, ताकि विकास योजनाओं और संगठनात्मक गतिविधियों को और प्रभावी बनाया जा सके। बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष ने संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया। प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम और सह प्रभारी रेखा वर्मा ने भी संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी चुनावी तैयारियों को गति देने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार विकास और जनहित के मुद्दों पर लगातार काम कर रही है और संगठन के सहयोग से सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि भाजपा का संगठन लगातार मजबूत हो रहा है और कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर पार्टी 2027 में जीत की हैट्रिक लगाने में सफल होगी। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत हैं और बूथ स्तर तक उनकी सक्रियता चुनावी सफलता सुनिश्चित करेगी। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन बृहस्पतिवार को पहली बार संगठनात्मक दौरे पर उत्तराखंड पहुंचे। जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट से लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय तक विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। पारंपरिक वेशभूषा में महिला और युवा कार्यकर्ताओं ने वाद्य यंत्रों की धुन पर स्वागत कर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। जौलीग्रांट एयरपोर्ट, हिमालयन अस्पताल चौक, कैलाश हॉस्पिटल, रिस्पना पुल, चंचल डेयरी और फव्वारा चौक समेत कई स्थानों पर पार्टी कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ देखने को मिली। राष्ट्रीय अध्यक्ष के पहले संगठनात्मक दौरे को लेकर कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह नजर आया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि कार्यकर्ताओं का स्वत:स्फूर्त उत्साह इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश की जनता का भाजपा और उसके नेतृत्व पर गहरा विश्वास है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के मार्गदर्शन से उत्तराखंड भाजपा संगठन को नई ऊर्जा और नई दिशा मिलेगी तथा विकास की नीतियों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प और मजबूत होगा। शाम छह बजे के बाद प्रदेश भाजपा कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की अध्यक्षता में कोर कमेटी की बैठक शुरू हुई। बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, सह प्रभारी रेखा वर्मा, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय, केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा, सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, अनिल बलूनी, अजय भट्ट, माला राज्यलक्ष्मी शाह, नरेश बंसल, पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, तीरथ सिंह रावत, प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल, कुंदन परिहार, दीप्ति रावत, कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक और सतपाल महाराज समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक में संगठनात्मक कार्यक्रमों, बूथ सशक्तिकरण अभियान और आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

# समाजसेवी सुशील गाबा ने हाईवे सुरक्षा व्यवस्था पर उठाए सवाल

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सड़क हादसों में जान गंवाने वाले परिवारों से समाजसेवी सुशील गाबा ने मुलाकात कर गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं और परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों पर चिंता जताते हुए राष्ट्रीय राजमार्गों की बदहाल सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए और व्यवस्थाओं में सुधार की मांग की। जानकारी के अनुसार किच्छा थाना क्षेत्र के लालपुर स्थित आईडिया कॉलोनी निवासी ट्रांसपोर्टर प्रीत पाल सिंह की गुरुवार तड़के सड़क हादसे में मौत हो गई थी। बताया गया कि वह पेट्रोल पंप पर अपने वाहनों में डीजल भरवाने के लिए पैसे जमा कराने सड़क पार कर रहे थे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। वहीं दूसरी ओर जाफरपुर क्षेत्र में तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आकर क्लीनिक



संचालक मंटू चंद्र राय की भी दर्दनाक मौत हो गई थी। उनके शव का भी शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराया गया। इन दोनों घटनाओं के बाद समाजसेवी सुशील गाबा पीड़ित परिवारों से मिले और शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग अब सफर का सुरक्षित माध्यम कम और हादसों का गलियारा ज्यादा बनते जा रहे हैं। आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की जान जा रही है, लेकिन व्यवस्थाओं में अपेक्षित सुधार नहीं दिखाई दे रहा। सुशील गाबा ने कहा कि कहीं सड़कें टूटी हुई हैं, कहीं अधूरे डिवाइडर दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं, तो कहीं अंधेरे में डूबे कट और बेसहारा पशु राहगीरों के लिए खतरा बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि ओवरलोड वाहनों, तेज रफ्तार और निगरानी की कमी ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि जब टोल वसूली में तेजी दिखाई जा रही है तो सुरक्षा व्यवस्थाओं में लापरवाही क्यों बरती जा रही है। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से हाईवे सुरक्षा को लेकर गंभीर पहल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जब तक जिम्मेदार अधिकारी जमीनी हकीकत को समझकर सुधारात्मक कदम नहीं उठाएंगे, तब तक हादसों में लोगों की जान जाती रहेगी। इस दौरान समीर चंद्र राय, हैप्पी रंधावा, करण कुमार, रोहित राय, संजीत राय, प्रसन्नजीत राय, संजीव डे, कालू मांझी, दुलाल राय, पवित्र राय, तापस, पीयूष, सोनू और कमलेश हालदार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# नो एन्ट्री में आए ट्रक का पीछा कर पुलिस ने रोका, काटा चालान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रात: नो एंट्री समय के दौरान शहर में घुस आये ट्रक के न रूकने पर पुलिसकर्मियों द्वारा डी डी चौक से पीछा कर काफी दूरी पर रोक लिया गया और ट्रक चालक को नियमों का हवाला देते हुए ट्रक का 6 हजार रूपये का चालान कर दिया। बताया जाता है कि नगर के व्यस्ततम चौक में एक डी डी चौक पर पुलिसकर्मी यातायात व्यवस्था सम्भाले हुए थी। इसी दौरान बिलासपुर रोड़ की ओर से एक ट्रक संख्या एचआर 66 बी 6181शहर में नो एंट्री होने के बावजूद तेज गति से आ गया। डी डी चौक पर तैनात महिला पुलिसकर्मी ने जब चालक



को ट्रक रोकने का इशारा किया तो ट्रक चालक वाहन रोकने के बजाय नैनीताल रोड़ की ओर तेजी से भागने लगा। जिस पर वहां मौजूद सीपीयू व पुलिस कर्मी ने बाईक से उसका पीछा किया। ट्रक की गति देखकर किसी सम्भावित दुर्घटना को रोकने के लिए पुलिस कर्मियों ने ट्रक का तेज गति से पीछा किया और काफी दूरी पर उसे रोकने में कामयाब हुए। ट्रक चालक सुनील ने बताया कि वह पुलिस को देखकर घबरा गया था। उसने अपनी गलती मानी।

# हरिद्वार जिले में मदरसों का हुआ सत्यापन, 11हजार बच्चे गायब होगए

## मिड डे मील का खाना हड़प रहे थे मदरसे के संचालक

हरिद्वार।यूपी से लगते हरिद्वार जिले में चल रहे मदरसों को लेकर एक और सनसनीखेज मामला सामने आया है। धामी सरकार के निर्देश पर डीएम मयूर दीक्षित द्वारा कराए गए सत्यापन अभियान में 11 हजार से अधिक बच्चों का रिकॉर्ड नहीं मिला।इन बच्चों के नाम पर मदरसा इंतजामिया कमेटी के संचालक सरकार से फंडिंग ले रहे थे  जनपद हरिद्वार में 131 मदरसे ऐसे है जोकि मदरसा बोर्ड से पंजीकृत होकर संचालित हो रहे थे। यहां पढ़ने वाले बच्चों के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा अल्पसंख्यक कोटे से तमाम सुविधाएं प्राप्त होती रही है,जिनमें मिड डे मील भी शामिल है। यहां तकरीबन 31 हजार बच्चों का पढ़ना बोर्ड रिकॉर्ड मे दिखाया गया है। इस संख्या पर राज्य की धामी सरकार को संदेह थी, जिसपर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिला प्रशासन को गहनता से सत्यापन किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि सरकार के निर्देशों के क्रम में जिला प्रशासन ने एक साथ कई मदरसों पर गहनता से सत्यापन का कार्य शुरू कराया, मात्र एक महीने में मदरसे में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या 31000 से 19400 पर आ गई है स कई मदरसों ने बंद करने की एप्लीकेशन दे चुके हैं। जिलाधिकारी श्री दीक्षित ने बताया कि जिन मदरसों में बच्चों की संख्या में मिड डे मिल की संख्या से मिलान नहीं हुआ ये गड़बड़ी पाई गई है उनके खिलाफ




जिला प्रशासन रिकवरी की कारवाई करेगा। उत्तराखंड अल्पसंख्यक विभाग के विशेष सचिव डा. पराग मधुकर धकाते का कहना है कि शासन के पास ऐसी शिकायतें आई थी कि मदरसों में बच्चों की संख्या फर्जी दर्शायी जा रही है। जिस पर मुख्यमंत्री ने जांच पड़ताल के निर्देश दिए थे और ये शिकायत हरिद्वार जिले में सही निकली है ऐसे ही अन्य जिलों में भी सत्यापन कराया जा रहा है, जुलाई माह से पूर्व मदरसों को नए पंजीकरण की प्रकिया से गुजरना है,जिनका पंजीकरण नहीं होगा वो बंद करा दिए जायेंगे। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 1 जुलाई से मदरसा बोर्ड खत्म करके उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण के गठन को मंजूरी दी हुई है। जुलाई माह से मदरसों को और अन्य अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थाओं को इस बोर्ड के साथ साथ उत्तराखंड शिक्षा बोर्ड से भी अनुमति लेना आवश्यक हो जाएगा। सीएम धामी ने कहा है कि एक देश एक शिक्षा की तरफ राज्य सरकार बढ़ रही है सभी बच्चों को एक जैसी शिक्षा मिले ऐसा सरकार का प्रयास है। इसमें मुस्लिम ईसाई सिख पारसी बौद्ध जैन शिक्षा संस्थान को भी बराबर की सरकार से सहायता मिलेगी।

# चोर को भारी पड़ी लापरवाही मोबाइल ने पहुंचाया लॉकअप

रुद्रपुर। रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र में एक शातिर चोर की छोटी सी लापरवाही उस पर भारी पड़ गई। चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद मौके पर छूटा मोबाइल फोन ही आरोपी तक पुलिस को पहुंचाने का कारण बन गया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार 27 मई की रात नैनीताल हाईवे स्थित एक सैलून में चोरी की घटना हुई थी। आरोपी पीछे की ओर से दीवार फांदकर सैलून के अंदर घुसा और वहां रखे कॉपर पाइप, महंगी टंकियां तथा अन्य कीमती सामान चोरी कर फरार हो गया। चोरी हुए सामान की कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई जा रही है। अगली सुबह जब सैलून में टंकी का पानी नीचे बहता दिखाई दिया तो कर्मचारियों को शक हुआ। सूचना मिलने पर सैलून संचालक रोहित सिंह तोमर मौके पर पहुंचे और चोरी की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। तलाशी के दौरान पुलिस को घटनास्थल से एक मोबाइल फोन मिला। कुछ देर बाद फोन पर कॉल आने लगी, जिसके बाद पुलिस ने योजना बनाकर आरोपी को मोबाइल लेने के बहाने बाजार बुलाया। जैसे ही संदिग्ध युवक मौके पर पहुंचा, पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी का सामान एक कबाड़ी को बेचने की बात कबूल कर ली। इसके बाद पुलिस ने संबंधित कबाड़ी को भी हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। बताया जा रहा है की चोरी हुआ लगभग सारा सामान बरामद कर लिया है।

# तेज रफ्तार डंपर ने क्लीनिक संचालक को कुचला

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जाफरपुर रोड पर गुरुवार रात तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार क्लीनिक संचालक को कुचल दिया। हादसा इतना भयावह था कि मृतक के शरीर के दो टुकड़े हो गए और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई, जबकि डंपर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार रतनफार्म शक्तिफार्म नंबर तीन निवासी 46 वर्षीय मन्टु चंद्र राय लंबाखेड़ा क्षेत्र में क्लीनिक संचालित करते थे। वह परिवार के साथ शिवपुर गांव में किराये के मकान में रह रहे थे। बताया जा रहा है कि गुरुवार रात क्लीनिक बंद करने के बाद वह बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान जाफरपुर रोड पर पीछे से तेज गति से आ रहे डंपर संख्या यूपी 25 ईटी 1658 ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर लगते ही मन्टु चंद्र राय सड़क पर गिर पड़े और अनियंत्रित डंपर उन्हें कुचलता हुआ आगे निकल गया।



हादसा इतना भीषण था कि मृतक का शरीर दो हिस्सों में बंट गया। मौके का दृश्य देख वहां मौजूद लोगों के रोंगटे खड़े हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना मिलने पर रुद्रपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। इधर, दुर्घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि मन्टु चंद्र राय क्षेत्र में लंबे समय से क्लीनिक चला रहे थे और स्थानीय लोगों के बीच अच्छी पहचान रखते थे। सीओ विभव सैनी ने बताया कि फरार डंपर चालक की तलाश के प्रयास किए जा रहे हैं। वाहन को कब्जे में ले लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और घटना की जानकारी लेते हुए मृतक के परिजनों को सांत्वना दी।






# रिसोर्ट के स्विमिंग पूल में डूबने से चार वर्षीय मासूम की मौत

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर के सांवल्दे क्षेत्र स्थित एक रिसोर्ट में गुरुवार दोपहर दर्दनाक हादसा हो गया। रिसोर्ट के स्विमिंग पूल में नहाने के दौरान चार वर्षीय मासूम बच्ची की डूबने से मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया और माता पिता का रो रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद रिसोर्ट प्रबंधन की सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। जानकारी के अनुसार दिल्ली निवासी सीताराम जांगिड़ अपने परिवार के साथ घूमने के लिए रामनगर आए हुए थे और सांवल्दे स्थित एक रिसोर्ट में ठहरे थे। बताया जा रहा है कि उनकी चार वर्षीय बेटी मनस्वी अपने भाई के साथ रिसोर्ट के स्विमिंग पूल में नहा रही थी। इसी दौरान खेलते खेलते वह अचानक गहरे पानी की ओर चली गई और डूबने लगी। परिजनों के अनुसार हादसे के समय बच्ची के माता पिता पूल से करीब 100 मीटर की दूरी पर मौजूद थे। जब उन्हें बच्ची के डूबने की जानकारी मिली तो उन्होंने तत्काल उसे



पानी से बाहर निकाला और आनन फानन में उपचार के लिए रामनगर के संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद बच्ची को मृत घोषित कर दिया। संयुक्त चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ. हिमांशु ने बताया कि बच्ची को गंभीर अवस्था में अस्पताल लाया गया था, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों ने चिकित्सकों को बताया कि बच्ची स्विमिंग पूल में नहाते समय डूब गई थी। घटना के बाद अस्पताल में परिवार के लोगों का रो रोकर बुरा हाल रहा। ईद और पर्यटन सीजन के बीच हुए इस हादसे ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया। मासूम बच्ची की मौत से रिसोर्ट में भी अफरा तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने रिसोर्ट की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि स्विमिंग पूल के आसपास पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं थे। लोगों का कहना है कि पूल क्षेत्र में लाइफगार्ड, सुरक्षा कर्मी और चेतावनी संबंधी व्यवस्थाएं पर्याप्त होतीं तो शायद हादसे को टाला जा सकता था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि हादसा किन परिस्थितियों में हुआ और रिसोर्ट प्रबंधन द्वारा सुरक्षा मानकों का पालन किया गया था या नहीं। पुलिस ने बताया कि मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ पत्रकार हेम भट्ट प्रकरण में निष्पक्ष कार्रवाई के दिए निर्देश

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बुधवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में वरिष्ठ पत्रकार हेम भट्ट ने अपने परिवार सहित भेंट की। इस दौरान हेम भट्ट ने अपने प्रकरण से जुड़े विभिन्न बिंदुओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए मामले में न्याय दिलाने की मांग की। मुख्यमंत्री ने पूरे प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों को निष्पक्ष एवं न्यायोचित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मामले में तथ्यों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाए और



वरिष्ठ पत्रकार हेम भट्ट को न्याय दिलाना सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कानून के दायरे में रहते हुए प्रत्येक व्यक्ति को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा किसी भी मामले में निष्पक्ष जांच और पारदर्शी कार्रवाई को प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी भी मौजूद रहे।

# सांसद भट्ट ने उठाई महिला चिकित्सालय के एमसीएच विंग में संशोधनों की मांग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने महिला चिकित्सालय हल्द्वानी में निर्माणाधीन 50 शैयायुक्त एमसीएच विंग में आवश्यक संशोधनों को लेकर स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल को पत्र भेजा है। सांसद ने जनहित और मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य में स्टिल्ट पार्किंग और कनेक्टिविटी ब्रिज जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं को शामिल करने की मांग की है। सांसद अजय भट्ट ने अपने पत्र में बताया कि 19 मई 2026 को महिला चिकित्सालय हल्द्वानी में निर्माणाधीन एमसीएच विंग की प्रगति को लेकर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक और उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की गई थी। बैठक में अस्पताल की भावी जरूरतों को देखते हुए वर्तमान मानचित्र में कुछ जरूरी संशोधन किए जाने की आवश्यकता सामने आई। पत्र में उल्लेख किया गया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग चौड़ीकरण कार्य के कारण अस्पताल परिसर की लगभग 12 से 14 मीटर भूमि एनएचएआई द्वारा अधिग्रहित किए जाने से पार्किंग की समस्या उत्पन्न हो गई है। ऐसे में अस्पताल में आने वाले मरीजों और तीमारदारों के लिए पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करना जरूरी हो गया है। इसी को देखते हुए जिला विकास प्राधिकरण द्वारा संशोधित प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। सांसद ने यह भी कहा कि मुख्य भवन और एमसीएच विंग के बीच बेहतर समन्वय और आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं के सुचारू संचालन के लिए कनेक्टिविटी ब्रिज का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। कार्यदायी संस्था द्वारा स्टिल्ट पार्किंग और कनेक्टिविटी ब्रिज सहित करीब 1630.380 लाख रुपये का पुनरीक्षित आगणन शासन को भेजा जा चुका है। अजय भट्ट ने स्वास्थ्य मंत्री से आग्रह किया कि भविष्य में गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को बेहतर एवं सुरक्षित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संशोधित प्रस्ताव को शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए।उन्होंने कहा कि यदि पुराने मानचित्र के अनुसार ही निर्माण कार्य किया गया तो आने वाले समय में अस्पताल को कई व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

# ईद की खुशियां मातम में बदलीं, ससुराल आ रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

रामनगर (उद संवाददाता)। ईद के त्योहार की खुशियां उस समय मातम में बदल गई, जब ससुराल आ रहे एक युवक की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। हादसा रामनगर काशीपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 309 पर पीरूमदारा के पास हुआ, जहां बाइक और एक अज्ञात कार की भिड़ंत में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के रामपुर जनपद के स्वार निवासी 32 वर्षीय फईम गुरुवार को ईद के पर्व पर अपनी ससुराल ग्राम किशनपुर कानिया, रामनगर आ रहा था। बताया जा रहा है कि वह बाइक से रामनगर की ओर जा रहा था। इसी दौरान पीरूमदारा क्षेत्र के पास उसकी बाइक की टक्कर एक



अज्ञात कार से हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि फईम गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल घायल युवक को उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना जैसे ही मृतक के परिजनों और ससुराल पक्ष को मिली, दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। कुछ ही देर में बड़ी संख्या में परिजन अस्पताल पहुंच गए। ईद के मौके पर जहां परिवार खुशियां मनाने की तैयारी कर रहा था, वहीं अचानक हुए हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि परिजनों की ओर से तहरीर मिलने के बाद मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस दुर्घटना में शामिल अज्ञात कार की तलाश में जुट गई है।

# 26-27 जून को होगा विशिष्ट एल्युमिनाई कार्यशाला का आयोजन

पंतनगर (उद संवाददाता)।गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर में आगामी 26 एवं 27 जून 2026 को दो-दिवसीय विशिष्ट एल्युमिनाई कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। विश्व विद्यालय के कुलपति डॉ. एस.के. कश्यप ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पूर्व छात्रों, वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, उद्योग विशेषज्ञों और वर्तमान विद्यार्थियों के बीच एक मजबूत सेतु का निर्माण करना है। कुलपति ने बताया कि यह कार्यशाला मात्र एक मिलन समारोह तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसे विश्वविद्यालय के भविष्य की कार्ययोजना, तकनीकी उन्नयन और राष्ट्रीय स्तर पर संस्थान की पहचान को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में देश-विदेश में कार्यरत विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों को आमंत्रित किया गया है, ताकि उनके अनुभव और सुझाव वर्तमान



विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बन सकें। कार्यशाला में उत्तराखंड के माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय राज्यपाल सहित कई विशिष्ट अतिथियों के सम्मिलित होने की संभावना है। कार्यशाला के दौरान कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी, स्टार्टअप, नवाचार, पेटेंट और बीज उत्पादन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष तकनीकी सत्रों का आयोजन होगा। साथ ही उद्योग और अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए गहन चर्चा की जाएगी। इस आयोजन में विभिन्न महाविद्यालय अपनी शोध उपलब्धियों और तकनीकी विकास कार्यों की प्रस्तुति देंगे। इस पहल का एक मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों और प्रतिष्ठित एल्युमिनाई के बीच संवाद सत्र है। इससे छात्रों को इंडस्ट्री अनुभव, रिसर्च नेटवर्किंग, इंटर्नशिप, उद्यमिता और रोजगार के नए अवसरों के बारे में व्यावहारिक जानकारी प्राप्त होगी। आगंतुकों के लिए विश्वविद्यालय की प्रगति को दर्शाने वाली विशेष पीआर सामग्री और ब्रोशर भी तैयार किए जा रहे हैं। कुलपति डॉ. कश्यप ने विश्वास जताया कि यह आयोजन पंतनगर विश्वविद्यालय को नवाचार, अनुसंधान एवं तकनीकी उत्कृष्टता के नए आयामों तक पहुँचाने में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने इसे विश्व विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को और अधिक सशक्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया।

# महाविद्यालय को भेंट किये डस्टबिन

रानीखेत (उद संवाददाता)। नगरपालिका चिलियानौला के अध्यक्ष अरुण रावत द्वारा राजकीय महाविद्यालय रानीखेत के ईको वेस्ट मैनेजमेंट पार्क एवं प्राण वायु वाटिका हेतु डस्टबिन प्रदान किए गए। इस पहल का उद्देश्य महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता, कचरा प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पुष्पेश पांडे ने नगरपालिका अध्यक्ष श्री



रावत का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहयोग से महाविद्यालय में स्वच्छ एवं हरित वातावरण को प्रोत्साहन मिलेगा तथा छात्र-छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण के प्रतिजागरूकता बढ़ेगी। पर्यावरण प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्राची जोशी ने भी अरुण रावत के सहयोग की सराहना करते हुए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में डॉ. पी. एन. तिवारी, डॉ. निर्मला जोशी, डॉ. दीपा पांडे, डॉ. तनुजा तिवारी सहित अन्य प्राध्यापकों ने भी अध्यक्ष महोदय के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

# रॉन्ग साइड वाहन चलाना पड़ा भारी ,पहली बार चालकों पर दर्ज हुए मुकदमे

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ऊधमसिंहनगर पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए रॉन्ग साइड वाहन संचालन करने वाले चालकों के खिलाफ उत्तराखंड में पहली बार केवल चालान की कार्रवाई तक सीमित न रहकर मुकदमा दर्ज करने की ऐतिहासिक कार्रवाई की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में पंतनगर पुलिस ने दो अलग अलग मामलों में विपरीत दिशा में भारी वाहन चलाकर आमजन की जान जोखिम में डालने वाले चालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया है। एसएसपी अजय गणपति द्वारा जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। ओवरस्पीडिंग, नशे में वाहन चलाने, लापरवाहीपूर्ण ड्राइविंग और रॉन्ग साइड वाहन संचालन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। एसएसपी ने स्पष्ट कहा है कि सड़क पर आमजन की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ आवश्यकतानुसार कठोर वैधानिक कार्रवाई करते हुए मुकदमे दर्ज किए जाएं। पहले मामले में 27 मई 2026 की रात थाना पंतनगर क्षेत्र के हल्द्वानी मोड़ टांडा तिराहे पर पुलिस टीम चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान हल्द्वानी मोड़ की ओर से दिनेशपुर की तरफ एक डंपर संख्या यूके04सीबी 3220 रॉन्ग साइड से तेज गति और खतरनाक तरीके से आता दिखाई दिया। वाहन चालक की लापरवाही से सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालकों और राहगीरों की जान



खतरे में पड़ गई थी तथा किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस टीम ने तत्काल वाहन को रुकवाकर चालक के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार डंपर चालक की पहचान मोहित सिंह पुत्र मोहन सिंह निवासी ग्राम खेड़ा कुंवरपुर थाना काठगोदाम जिला नैनीताल, उम्र 23 वर्ष के रूप में हुई है। उपनिरीक्षक पंकज सिंह महर की तहरीर के आधार पर थाना पंतनगर में आरोपी चालक के खिलाफ एफआईआर संख्या 101/2026 धारा 281 भारतीय न्याय संहिता तथा धारा 184 ई मोटर वाहन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। दूसरे मामले में उसी रात हल्द्वानी मोड़ टांडा तिराहे के पास चेकिंग के दौरान एक टिप्पर संख्या यूके04सीबी 1076 रॉन्ग साइड से तेज रफ्तार और खतरनाक तरीके से आता दिखाई दिया। वाहन चालक यातायात नियमों की खुली अवहेलना करते हुए अन्य वाहन चालकों और राहगीरों की सुरक्षा को गंभीर खतरे में डाल रहा था। पुलिस टीम ने तत्काल टिप्पर को रुकवाकर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। आरोपी चालक की पहचान पवन सिंह पुत्र मदन सिंह निवासी बिंदुखत्ता इंद्रा नगर 01 थाना लालकुआं जिला नैनीताल, उम्र 26 वर्ष के रूप में हुई है। इस मामले में भी उपनिरीक्षक पंकज सिंह महर की तहरीर पर थाना पंतनगर में एफआईआर संख्या 102/2026 धारा 281 भारतीय न्याय संहिता तथा धारा 184 ई मोटर वाहन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। एसएसपी अजय गणपति ने कहा कि रॉन्ग साइड वाहन चलाना केवल यातायात नियमों का उल्लंघन नहीं बल्कि स्वयं और अन्य लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ है। ऊधमसिंहनगर पुलिस सड़क सुरक्षा को लेकर पूरी तरह गंभीर और प्रतिबद्ध है। जो भी व्यक्ति यातायात नियमों की अनदेखी कर आमजन की जान खतरे में डालेगा, उसके खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने सभी वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित एवं अनुशासित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत, उपनिरीक्षक अशोक कुमार, उपनिरीक्षक पंकज सिंह महर, कांस्टेबल राजेंद्र मेहरा और कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह शामिल रहे।


## नगर पंचायत पाटी चुनाव के लिए जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात

चम्पावत (उद संवाददाता)। नगर पंचायत पाटी निर्वाचन 2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने चुनाव प्रक्रिया की निगरानी और व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती कर दी है। जारी आदेश के अनुसार राजकीय महाविद्यालय पाटी के प्राचार्य डॉ. आरके पाण्डेय को नगर पंचायत पाटी क्षेत्र का जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। उनके निर्देशन में कुल चार मतदान केंद्रों और चार मतस्थलों पर चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। जोनल मजिस्ट्रेट पूरे निर्वाचन क्षेत्र में चुनावी व्यवस्थाओं, सुरक्षा और आचार संहिता के पालन की निगरानी करेंगे। नगर पंचायत क्षेत्र को दो सेक्टरों में विभाजित करते हुए अलग अलग अधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके तहत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय लोहाघाट के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. केसी जोशी को वार्ड संख्या 01 और 02 का सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाया गया है। उनके अधीन दो मतदान केंद्र और दो मतस्थल रहेंगे। इसी प्रकार राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय लोहाघाट के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार को वार्ड संख्या 03 और 04 का सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। वह अपने क्षेत्र के दो मतदान केंद्रों और दो मतस्थलों पर चुनावी व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी नामित अधिकारियों को तत्काल अपने अपने क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही चुनाव प्रक्रिया के दौरान आदर्श चुनाव आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराने और निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। जिला प्रशासन का कहना है कि नगर पंचायत पाटी निर्वाचन को पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।











## किशोरी के साथ दुष्कर्म, मां बेटे पर केस दर्ज

**किशोरी को बहला-फुसलाकर बनाया था शिकार**

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर के रम्पुरा क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर उसके साथ दुराचार करने और जबरन शादी का दबाव बनाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपी युवक और उसकी मां समेत अन्य के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में एक महिला ने बताया कि उनकी 17 वर्षीय पुत्री 12वीं कक्षा की छात्रा है। आरोप है कि क्षेत्र के ही रहने वाले देव पुत्र रोहताश और उसकी मां सुषमा ने उनकी पुत्री को मीठी बातों में फंसा लिया। महिला का आरोप है कि सुषमा उनकी बेटी को अपने घर ले जाकर अपने बेटे से मिलवाती थी। बीते 22 मई की दोपहर को जब उनकी बेटी घर पर नहीं थी, तो उन्होंने तलाश शुरू की। वह अपनी बेटी को ढूंढते हुए आरोपी सुषमा के घर पहुंचीं। महिला का आरोप है कि जब उन्होंने सुषमा से अपनी बेटी के बारे में पूछा, तो सुषमा और उसके परिजनों ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए थप्पड़-घूसों से मारपीट की। साथ ही आरोपियों ने धमकी दी कि वे किसी भी कीमत पर उनकी बेटी की शादी देव से कराकर रहेंगे। पीड़िता की मां ने बताया कि किसी तरह वह अपनी बेटी को उनके चंगुल से सुरक्षित घर ले आईं। घर आने पर किशोरी ने रोते हुए बताया कि देव ने कई बार उसके साथ गलत काम किया है और आरोपी महिला कमरे के बाहर से दरवाजा बंद कर देती थी। पीड़िता के परिजनों ने मामले की जानकारी 27 मई की रात्रि को पुलिस को दी थी, जिसके बाद बालिका का मेडिकल परीक्षण कराया गया। तहरीर मिलने पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## पंतनगर विश्वविद्यालय को मिला चारा अनुसंधान में 'बेस्ट सेंटर अवॉर्ड'

**विश्व की पहली अंतर-प्रजातीय चारा मक्का संकर प्रजाति विकसित करने पर मिली उपलब्धि**



पंतनगर (उद संवाददाता)। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर के 'एआईसीआरपी ऑन फॉरेज क्रॉप्स एंड यूटिलाइजेशन' केंद्र ने एक बार फिर राष्ट्रीय पटल पर विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया है। अयोध्या स्थित नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय समूह बैठक (खरीफ) के दौरान, पंतनगर केंद्र को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की ओर से 'बेस्ट सेंटर अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार चारा अनुसंधान के क्षेत्र में केंद्र द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों और तकनीकी नवाचारों के लिए प्रदान किया गया है। पंतनगर विश्वविद्यालय के चारा अनुसंधान केंद्र को यह प्रतिष्ठित सम्मान आईसीएआर के उप महानिदेशक (फसल विज्ञान) डॉ. डी.के. यादव द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर आईसीएआर के सहायक महानिदेशक डॉ. एस.के. प्रधान और झांसी स्थित आईसीएआर-आईजीएफआरआई के निदेशक डॉ. पंकज कौशल सहित कई कृषि विशेषज्ञ उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय में वर्ष 1995 से संचालित इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य चारा फसलों में उन्नत तकनीकों का विकास और उनका प्रसार करना है। वर्तमान में उत्तराखंड में हरे चारे की उपलब्धता में 46.75 प्रतिशत और सूखे चारे में 20.59 प्रतिशत की कमी है, जिसे पाटने में पंतनगर विश्वविद्यालय की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। संस्थान ने अब तक चारा लोबिया, जई, बरसीम और मक्का की कुल 19 उन्नत प्रजातियों का विकास किया है। पिछले दो वर्षों में ही वैज्ञानिकों ने चार नई चारा प्रजातियां विकसित की हैं। इस केंद्र की सबसे बड़ी उपलब्धि विश्व की पहली अंतर-प्रजातीय चारा मक्का संकर प्रजाति 'डीएफएच-2' का विकास है। इसे केंद्रीय प्रजाति विमोचन समिति द्वारा आधिकारिक रूप से अधिसूचित किया गया है, जो पशुधन विकास और पोषण सुरक्षा की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। इसके साथ ही, शोधकर्ताओं ने पिछले दो वर्षों में 28 शोध पत्र प्रकाशित किए हैं और चारा जई व बरसीम के प्रबंधन के लिए नई तकनीकें विकसित की हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शिवेन्द्र कुमार कश्यप ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग के प्राध्यापक डॉ. बिरेन्द्र प्रसाद, डॉ. नरेन्द्र कुमार सिंह और सस्य विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. क्रांति कुमार की टीम को बधाई दी है। उन्होंने इसे पंतनगर विश्वविद्यालय की अनुसंधान क्षमता और कृषि नवाचार के प्रति अटूट समर्पण का प्रमाण बताया है।

# साढ़े चार करोड़ के नकली और असली नोटों के साथ दो गिरफ्तार

## गदरपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, असली नोटों की गड्डियों में छिपाकर रखे गए थे नकली नोट

रुद्रपुर/गदरपुर (उद संवाददाता)। ऊधमसिंहनगर पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में चलाए जा रहे "ऑपरेशन प्रहार" के तहत नकली नोटों के एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से लगभग 4 करोड़ 54 लाख रुपये मूल्य के असली एवं नकली नोट बरामद किए हैं। बरामद नोटों में कई गड्डियों में ऊपर भारतीय रिजर्व बैंक के असली 500 रुपये के नोट लगाए गए थे, जबकि नीचे चिल्ड्रन बैंक ऑफ इंडिया अंकित नकली नोट रखे गए थे, ताकि आम लोगों को आसानी से धोखा दिया जा सके। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद जनपद में नकली नोटों के कारोबार से जुड़े अपराधियों में हड़कंप मच गया है। प्रारंभिक जांच में मामला बड़े स्तर पर फर्जी करेंसी खपाने और आर्थिक अपराध से जुड़ा माना जा रहा है। पुलिस अब इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और नेटवर्क की तलाश में जुट गई है। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अपराध और भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत एसएसपी अजय गणपति द्वारा पूरे जनपद में अपराधियों, आर्थिक अपराधों में संलिप्त गिरोहों, अवैध कारोबारियों और कानून व्यवस्था प्रभावित करने वाले तत्वों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों और पुलिस अधिकारियों को नकली नोट, नशा, संगठित अपराध और अवैध कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में गदरपुर कोतवाली पुलिस क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों और गतिविधियों की चेकिंग कर रही थी। पुलिस अधीक्षक अपराध, पुलिस अधीक्षक काशीपुर और क्षेत्राधिकारी बाजपुर के पर्यवेक्षण में एसएचओ गदरपुर भूपेंद्र सिंह बृजवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम अभियान चला रही थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सैफ्टा फार्म रोड पर



पंचपुरी गूलरभोज के पास स्थित एक खोखे में कुछ लोग भारी मात्रा में संदिग्ध नोटों के साथ मौजूद हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी। मौके से दो व्यक्तियों को हिरासत में लेकर तलाशी ली गई तो भारी मात्रा में नकली और असली नोट बरामद हुए। नोटों की जांच में पुलिस भी हैरान रह गई। कई गड्डियों में ऊपर असली नोट और नीचे नकली नोट रखे गए थे। पुलिस के अनुसार आरोपित इन नोटों को बाजार में असली नोटों के रूप में चलाने की तैयारी में थे। पुलिस ने मौके से 500 रुपये के नोटों की कई गड्डियां बरामद की हैं। इनमें 18 गड्डियों में 500 रुपये के नकली नोट मिले, प्रत्येक गड्डी में 200 नोट थे। इसके अलावा 20 गड्डियों में ऊपर असली और नीचे नकली नोट पाए गए। 22 गड्डियों में अधिकांश नोट "बेपसकतमद ठंदा वपिद्कपं" अंकित नकली मिले। 12 अन्य गड्डियों में भी ऊपर असली और नीचे नकली नोट रखे गए थे। 15 गड्डियों में मुख्य नोट असली जबकि नीचे नकली नोट मिले। पुलिस ने एक काला सफेद धारीदार बैग भी बरामद किया, जिसमें 157 गड्डी 500 रुपये के नकली नोट भरे हुए थे। कुल बरामदगी लगभग 4 करोड़ 54 लाख रुपये आंकी गई है। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मुनतियाज पुत्र साहिद निवासी केशव नगर वार्ड नंबर 6 थाना बाजपुर, उम्र 24 वर्ष तथा मनोज कुमार पुत्र दूधनाथ निवासी ग्राम पंचपुरी कोपा गूलरभोज थाना गदरपुर, उम्र 41 वर्ष के रूप में हुई है। बरामदगी और पूछताछ के आधार पर कोतवाली गदरपुर में मुकदमा संख्या 141/2026 धारा 179, 180 और 3(5) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस आरोपितों से गहन पूछताछ कर रही है। जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि नकली नोट कहां से लाए गए, किन लोगों के माध्यम से इनकी सप्लाई हो रही थी और इन्हें किन क्षेत्रों में खपाने की योजना थी। पुलिस आरोपितों के आपराधिक इतिहास और उनसे जुड़े अन्य संभावित सदस्यों की भी जानकारी जुटा रही है। एसएसपी अजय गणपति ने कहा कि ऊधमसिंहनगर में आर्थिक अपराध, नकली नोट, नशा और संगठित अपराध में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। जनपद पुलिस पूरी सतर्कता और पेशेवर दक्षता के साथ अपराधियों के खिलाफ लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रही है। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में एसएचओ भूपेंद्र सिंह बृजवाल, उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह खड़ायत, उप निरीक्षक मुकेश मिश्रा, हेड कांस्टेबल जगवीर सिंह, कांस्टेबल लक्ष्मण कुमार, कांस्टेबल रघुवर सिंह और कांस्टेबल अमित देवरानी शामिल रहे।

# महतोष के 400 परिवारों को मालिकाना हक के लिए उठी आवाज

## एडीएम कौस्तुभ मिश्रा के नेतृत्व में गठित कमेटी दो माह में देगी रिपोर्ट

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत महतोष क्षेत्र में पिछले चार से पांच दशकों से निवास कर रहे लगभग 400 परिवारों को भूमि का मालिकाना हक दिलाने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। इस संबंध में विधायक शिव अरोरा ने जिला अधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और वर्षों से रह रहे गरीब परिवारों को मालिकाना हक दिए जाने की मांग उठाई। विधायक शिव अरोरा ने जिला अधिकारी एवं उनके प्रतिनिधि के रूप में एडीएम कौस्तुभ मिश्रा से मुलाकात कर बताया कि महतोष क्षेत्र में कई परिवार पिछले 40 से 50 वर्षों से निवास कर रहे हैं। इनमें से करीब 80 परिवारों को पूर्व में सरकार की ओर से पट्टे जारी किए जा चुके हैं, जबकि शेष परिवार अब तक मालिकाना हक से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में लागू प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत भी इन परिवारों को लाभ नहीं मिल पाया। विधायक ने कहा कि दशकों से क्षेत्र में रह रहे गरीब परिवारों



को उनकी जमीन का मालिकाना हक मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की धामी सरकार सदैव जनहित के मुद्दों के प्रति संवेदनशील रही है और सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। ऐसे में महतोष क्षेत्र के लोगों की समस्या का समाधान भी प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला अधिकारी ने एडीएम कौस्तुभ मिश्रा के नेतृत्व में एक कमेटी गठित करने के निर्देश दिए हैं। यह कमेटी आगामी 60 दिनों के भीतर पूरे मामले का अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंपेगी। रिपोर्ट के आधार पर प्रभावित परिवारों को मालिकाना हक दिलाने के लिए हरसंभव समाधान तलाशने का प्रयास किया जाएगा। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में रुद्रपुर क्षेत्र में नजूल भूमि पर निवास कर रहे करीब 3000 लोगों को पट्टे वितरित किए जा चुके हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि महतोष क्षेत्र में भी 50 वर्षों से अधिक समय से रह रहे 400 परिवारों को उनकी भूमि का अधिकार दिलाने के लिए सकारात्मक पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा कमेटी का गठन कर दिया गया है और अगले दो महीने में रिपोर्ट तैयार होने के बाद निश्चित रूप से रास्ता निकालने का कार्य किया जाएगा। विधायक ने कहा कि महतोष क्षेत्र के लोगों को उनका मालिकाना हक दिलाने के लिए वे लगातार प्रयासरत रहेंगे और इस मुद्दे को सरकार एवं प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाते रहेंगे। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष जगदीश विश्वास, प्रतिश बाला, जुल्फेकार अली, दयाल सिकदार, पंकज,हरिपद विश्वास, विप्लव विश्वास, राकेश बानिक,रामपद बाला, मधेनाथ बानिक,आशीम मंडल, मनोज, शरत विश्वास, लिपन पांडे और तसास विश्वास समेत कई लोग मौजूद रहे।

# एसएसपी के नेतृत्व में नए कोतवाल की बड़ी कार्रवाई

गदरपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के नेतृत्व में जनपदभर में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के अंतर्गत गदरपुर कोतवाली के नए प्रभारी निरीक्षक भूपेन्द्र सिंह बृजवाल ने पदभार संभालते ही बड़ी कार्रवाई कर करोड़ों रुपये के नकली नोटों के रैकेट का खुलासा किया है। अभियान के तहत गदरपुर पुलिस लगातार संदिग्ध गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थी। कोतवाल भूपेन्द्र सिंह बृजवाल ने अपनी टीम और मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए सैफ्टा फार्म रोड स्थित पंचपुरी गूलरभोज क्षेत्र में दबिश दी, जहां से भारी मात्रा में असली एवं नकली नोट बरामद किए गए। पुलिस ने मौके से दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार



किया।स्थानीय लोगों में चर्चा है कि नए कोतवाल के आते ही गदरपुर पुलिस की कार्यशैली में तेजी और सख्ती दिखाई देने लगी है। लगातार चेकिंग अभियान और अपराधियों पर त्वरित कार्रवाई के चलते क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता साफ नजर आ रही है।कोतवाल भूपेन्द्र सिंह बृजवाल ने कहा कि एसएसपी अजय गणपति के निर्देशन में गदरपुर क्षेत्र में अपराध और अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा। किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# फांसी पर लटका मिला युवक

हल्द्वानी । शहर के मुखानी क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे 19 वर्षीय छात्र का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में पंखे में लगे फंदे से लटका मिला। घटना घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और परिजनों से आवश्यक जानकारी लेकर युवक को सुशीला तिवारी हॉस्पिटल भिजवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, अल्मोड़ा जिले के सुनियाकोट निवासी हेमंत परिहार अपने ताऊ के घर भगवानपुर केसर कॉलोनी, मुखानी में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। बताया जा रहा है कि वह रोज की तरह घर से बाहर घूमने गया था और लौटने के बाद अपने कमरे में चला गया।काफी देर तक कमरे से बाहर न आने पर जब कई बार आवाज लगाने और दरवाजा खटखटाने के बावजूद अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। तो परिजनों ने खिड़की से अंदर देखा तो हेमंत फंदे से लटका मिला। यह दृश्य देखकर परिवार के होश उड़ गए। परिजनों ने तुरंत दरवाजा तोड़कर युवक को नीचे उतारा और आनन-फानन में डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस मृतक के दोस्तों और परिजनों से पूछताछ कर रही है। युवक ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया, इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।मृतक हेमंत तीन भाईयों में सबसे छोटा था।

# दिनेशपुर प्रेस क्लब के तीसरी बार अध्यक्ष बने दुलाल चक्रवर्ती

दिनेशपुर। नगर के नगर पंचायत परिसर में दिनेशपुर रजिस्ट्रेशन प्रेस क्लब की कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें लगातार तीसरी बार दुलाल चक्रवर्ती को प्रेस क्लब का अध्यक्ष चुना गया। बैठक में मौजूद सदस्यों ने नई टीम को बधाई देते हुए पत्रकारिता के क्षेत्र में निष्पक्ष और सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई। बैठक की अध्यक्षता प्रेस क्लब के संरक्षक सरोज मंडल ने की। इस दौरान उन्होंने पिछले कार्यकाल का आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए संगठन की गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यकारिणी सदस्यों ने प्रस्तुत विवरण पर संतोष व्यक्त करते हुए पारदर्शिता और संगठनात्मक मजबूती की



सराहना की। चुनाव प्रक्रिया के संचालन एवं पर्यवेक्षण के लिए गदरपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष जयकिशन अरोड़ा, मीडिया क्लब अध्यक्ष मुकेश पाल तथा संरक्षक सरोज मंडल मौजूद रहे। सभी पदों पर आपसी सहमति और सर्वसम्मति से चयन किया गया। नई कार्यकारिणी में दुलाल चक्रवर्ती को अध्यक्ष, दिवेन्दु राय को महामंत्री, अमित सक्सेना को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा मृत्युंजय सरकार को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा लाल बहादुर राय उर्फ एलवी राय को उपाध्यक्ष, नैनी बढ़ई को उपसचिव, केशव कुमार को संगठन मंत्री, कालीपद विश्वास को प्रचार मंत्री, प्रकाश अधिकारी को ऑडिटर तथा विपिन बहुगुणा को सदस्य बनाया गया।बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रेस क्लब पत्रकारों के हितों की रक्षा, संगठन की मजबूती तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाता रहेगा। तीसरे कार्यकाल में भी सरोज मंडल को सर्व सम्मति से मुख्य संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई।नवनिर्वाचित अध्यक्ष दुलाल चक्रवर्ती ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह सभी पत्रकार साथियों को साथ लेकर संगठन को और मजबूत बनाने तथा पत्रकारों के सम्मान और हितों के लिए निरंतर कार्य करेंगे। इस मौके पर रुद्रपुर से अतिथि के रूप में अजय जोशी, श्रमजीवी यूनियन के जिला अध्यक्ष राजीव चावला तथा सत्यजीत सरकार ने दिनेशपुर प्रेस क्लब टीम को बहुत-बहुत बधाई दी।



उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# नशे की विदेशी तस्करी

देश में नशीले पदार्थों का बढ़ता काला कारोबार एक गंभीर समस्या बन गया है। शहरों से लेकर गांवों तक इसका जाल तेजी से फैल रहा है। विदेश से भी बड़े पैमाने पर जमीन और समुद्र के रास्ते नशीले पदार्थों की तस्करी का सिलसिला बदस्तूर जारी है। हाल ही में तटरक्षक बल और गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने संयुक्त अभियान में मुंद्रा तट पर एक जहाज से करीब 1,150 करोड़ रुपए का नशीला पदार्थ जब्त किया है। सवाल है कि गुजरात नशीले पदार्थ का पारगमन केंद्र क्यों बनता जा रहा है? राज्य में पिछले कुछ वर्षों से सुरक्षा बल इस तरह की गतिविधियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रहे हैं। इसके बावजूद अगर समुद्री मार्ग से नशीले पदार्थों की तस्करी पर लगाम नहीं लग पा रही है, तो इसकी क्या वजह हो सकती है। सुरक्षा एजेंसियां आखिर उन लोगों तक क्यों नहीं पहुंच पाती हैं, जो इतने बड़े पैमाने पर समुद्री मार्ग से नशीले पदार्थों की तस्करी करते हैं और उसे देश के विभिन्न हिस्सों में पहुंचाते हैं।गौरतलब है कि गुजरात के मुंद्रा तट पर यह पहली बार नहीं है, जब समुद्र के रास्ते लाई गई नशीले पदार्थों की बड़ी खेप पकड़ी गई है। वर्ष 2021 में तो इक्कीस हजार करोड़ रुपए के तीन हजार किलो नशीले पदार्थ यहां जब्त किए गए थे। उस समय यह सबसे बड़ी बरामदगी बताई गई थी। उसके बाद ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि इतनी बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की खेप मंगाता कौन है? इसकी व्यापक रूप से जांच किए जाने की जरूरत है, ताकि दोषियों को न्याय के कठघरे में लाया जा सके। गुजरात के लिए सबसे बड़ी चुनौती उसकी लंबी तटरेखा है और बड़ी संख्या में पंजीकृत छोटे जहाजों और नावों की निगरानी करने के लिए माकूल व्यवस्था का होना बेहद जरूरी है। व्यापार और सुरक्षा के लिहाज से यह तटरेखा संवेदनशील है। इसलिए जरूरत इस बात की है कि उन संगठित गिरोहों पर शिकंजा कसा जाए, जो विदेश से तस्करी के जरिए देश में नशे का जाल फैला रहे हैं।

# युवक पर धारदार हथियार से हमला

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र में घर के बाहर युवक पर धारदार हथियार और डंडों से हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी और उसके साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में ग्राम सैजिनी मल्ला गिरधरपुर निवासी युवक ने बताया कि 23 मई की शाम वह अपने घर पर खाना खा रहा था। आरोप है कि इसी दौरान गांव निवासी एक युवक उसके घर के बाहर पहुंचा और गाली गलौज करने लगा। पीड़ित का कहना है कि आरोपी पिछले कई दिनों से उसे जान से मारने की धमकी दे रहा था। तहरीर के अनुसार जब युवक की मां ने बाहर जाकर गाली गलौज का कारण पूछा तो आरोपी और उसके साथियों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। आरोप है कि इसके बाद जब पीड़ित स्वयं घर के बाहर आया तो आरोपी पक्ष ने उस पर धारदार हथियारों और डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि हमला करते समय आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना के बाद घायल युवक ने पुलिस से कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा की मांग की। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों की तलाश के प्रयास किए जा रहे हैं।

# मां पूर्णागिरि धाम में श्रद्धालुओं के लिए लगा शीतल पेय भंडारा

चम्पावत (उद संवाददाता)। विश्वप्रसिद्ध मां पूर्णागिरि धाम में भीषण गर्मी और हीटवेव के बीच श्रद्धालुओं को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा शीतल पेय भंडारे का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर तथा जिलाधिकारी मनीष कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस विशेष व्यवस्था के तहत धाम पहुंच रहे हजारों श्रद्धालुओं और पर्यटकों को ठंडा एवं शुद्ध पेयजल, शरबत, कोल्ड ड्रिंक सहित विभिन्न शीतल पेय वितरित किए गए। गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए प्रशासन की ओर से यह पहल की गई, ताकि मां पूर्णागिरि धाम की यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को राहत मिल सके और उन्हें यात्रा मार्ग में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शीतल पेय ग्रहण कर प्रशासन की इस व्यवस्था की सराहना की। ठुलीगाड़ मुख्य पड़ाव पर मेला मजिस्ट्रेट ललित मोहन तिवारी ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने शीतल पेयों की गुणवत्ता, स्वच्छता और वितरण व्यवस्था



का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वयं भी श्रद्धालुओं को शीतल पेय वितरित किए और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मेला मजिस्ट्रेट ने यात्रा मार्ग पर पेयजल आपूर्ति, साफ सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित की जाएं और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। प्रशासन की ओर से कहा गया कि मां पूर्णागिरि धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। गर्मी के मौसम को देखते हुए आगे भी यात्रा मार्गों और प्रमुख पड़ावों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम यात्रा का अनुभव मिल सके।

# कांग्रेस एससी विभाग की बैठक में बूथ प्रबंधन पर दिया जोर

लालकुआँ (उद संवाददाता)। लालकुआँ विधानसभा अंतर्गत ग्राम खड़कपुर में कांग्रेस एससी विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन की मजबूती और आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव की रणनीति पर व्यापक चर्चा हुई। यह कार्यक्रम पूर्व ग्राम प्रधान एवं कांग्रेस एससी विभाग के जिला उपाध्यक्ष इंद्रलाल आर्य के आवास पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला अध्यक्ष इन्दर पाल आर्य का कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन अमित सागर द्वारा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष इन्दर पाल आर्य ने प्रदेश की वर्तमान भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार और महिलाओं के विरुद्ध बढ़ते अपराधों ने आम जनमानस की कमर तोड़ दी है। पेपर लीक जैसी घटनाओं ने राज्य के लाखों



युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना दिया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जनता के बीच जाकर भाजपा की जनविरोधी नीतियों को उजागर करें और कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं। जिला उपाध्यक्ष इंद्रलाल आर्य ने कहा कि कांग्रेस सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा के लिए निरंतर संघर्षरत है। उन्होंने जिला अध्यक्ष इन्दर पाल आर्य के नेतृत्व में संगठन के लगातार मजबूत होने और कार्यकर्ताओं के भीतर आई नई ऊर्जा पर प्रसन्नता व्यक्त की। वरिष्ठ कांग्रेस नेता शंकर जोशी ने कहा कि प्रदेश की जनता बदलाव के लिए तैयार है और आगामी समय में कांग्रेस को मजबूती प्रदान करेगी। जिला उपाध्यक्ष हीरालाल आर्य ने भी जिला अध्यक्ष की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उनके बूथ स्तर तक के दौरे कार्यकर्ताओं को नई दिशा दे रहे हैं। कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो दलितों, पिछड़ों और मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहती है। बैठक में शंकर जोशी, हीरालाल आर्य, बसंत कुमार आर्य, प्रताप राम, गोविंद राम, तुलसी देवी, रूपा देवी, लक्ष्मी देवी, नीमा देवी, राकेश जोशी, राहुल आर्य, देवी राम, मनोज कुमार, राहुल साह और सुमित कुमार सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता और मातृशक्ति उपस्थित रहे।

# घुसपैठ और अप्राकृतिक जनसांख्यिकीय परिवर्तन बड़ी चुनौती

नक्सल समस्या की तरह अब घुसपैठियों की समस्या का निदान भी होने जा रहा है। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी द्वारा घुसपैठियों को देश से बाहर करने की मुहिम से तय है कि देश का जनसंख्यात्मक घनत्व बिगाड़ रहे और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए खतरा बने इन बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुस्लिमों की विदाई तय है। अधिकारी ने बंगाल में भाजपा की जीत के साथ ही, सबका विकास, सबका साथ नारे को बदलते हुए तय कर दिया है कि जिसका साथ, उसका विकास किया जाएगा। घुसपैठियों के बंगाल में बसने और लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ममता बनर्जी के मुख्यमंत्री रहते हुए मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति के तहत मिल रहा था। किंतु अधिकारी ने 'डिटेक्ट, डिलीट एंड डिपोर्ट' नीति लागू करने और जिला स्तर पर होल्डिंग सेंटर बनाने का निर्णय लेकर जता दिया है कि आखिरकार अवैध प्रवासियों को बाहर जाना ही होगा। इसी कड़ी में गृहमंत्री अमित शाह ने प्लेटफार्म एक्स पर ऐलान कर दिया कि 'घुसपैठ और अप्राकृतिक जनसांख्यिकीय परिवर्तन किसी भी राष्ट्र के लिए वर्तमान और भविष्य के लिए बड़ी चुनौती है। इससे निपटने के लिए 15 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में आबादी का संतुलन बिगड़ने की जांच के लिए उच्च स्तरीय जांच समिति गठित करने की बात कही थी, जो अब कर दी गई है। यह समिति धार्मिक और सामाजिक समुदायों के स्तर पर असामान्य जनसंख्या बदलाव के तरीके की जांच व समीक्षा करेगी।' यह समिति सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नावलेकर की अध्यक्षता में काम कर एक साल के भीतर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। बंगाल, असम और पूर्वोत्तर राज्यों में स्थानीय बनाम विदेशी नागरिकों का मसला एक बड़ी समस्या बन गया है। जो यहां के सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक जीवन को लंबे समय से झकझोर रहा है। बड़ी संख्या में घुसपैठ करके आए मुस्लिमों ने उनके न केवल आजीविका के संसाधनों को हथिया लिया है, बल्कि कृषि भूमि पर भी काबिज हो गए हैं। इस कारण राज्यों का जनसंख्यात्मक घनत्व बिगड़ रहा है। लिहाजा यहां के मूल निवासी और घुसपैठियों के बीच जानलेवा हिंसक झड़पें भी होती रहती हैं। नतीजतन अवैध और स्थाई नागरिकों की पहचान के लिए सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर एनआरसी यानी राष्ट्रीय नागरिकता पत्रक बनाने की पहल की थी। इस निर्देश के मुताबिक 1971 से पहले असम में रह रहे लोगों को मूल नागरिक माना गया है। इसके बाद के लोगों को अवैध नागरिकों की सूची में दर्ज किया गया है। दरअसल घुसपैठिए अपनी नागरिकता सिद्ध नहीं कर पाते हैं, तो यह उन राजनीतिक दलों को वजूद बचाए रखने की दृष्टि से खतरे की घंटी है, जो मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करते हुए घुसपैठ को बढ़ावा देकर अवैध नागरिकता को वैधता देने के उपाय करते रहे हैं। पहले सीपीएम और बाद में तृणमूल इन घुसपैठियों को न केवल शरण देते रहे हैं, बल्कि उनके आधार, राशन और वोटर कार्ड भी बनवाते रहे हैं। नतीजा रहा कि बंगाल का हर चौथा वोटर मुस्लिम बताया जा रहा है। छह जिले तो ऐसे हैं, जहां मुस्लिमों की आबादी 66 प्रतिशत से भी अधिक हैं। इस कड़ी में मुर्शिदाबाद जिले में 66.27, मालदा में 51.27, उत्तर दिनाजपुर 49.92, वीरभूमि में 37.06, दक्षिण 24 परगना 35.57 और नादिया में 26.27 प्रतिशत मुस्लिमों की आबादी हो गई है। सात ऐसे जिले हैं, जिनमें 12 प्रतिशत से लेकर 35 प्रतिशत तक आबादी है। इस बिगड़ जनसंख्यात्मक घनत्व का ही परिणाम रहा कि 34 साल सीपीएम और 15 साल



तृणमूल ने बंगाल पर शासन करते हुए घुसपैठियों को संरक्षण देते रहे। यदि असम में अवैध घुसपैठ की बात करें तो 1951 से 1971 के बीच यहां में मतदाताओं की संख्या अचानक 51 प्रतिशत बढ़ गई। 1971 से 1991 के बीच यह संख्या बढ़कर 89 फीसदी हो गई। 1991 से 2011 के बीच मतदाताओं की तादाद 53 प्रतिशत बढ़ी। 2001 की जनगणना के आंकड़ों के हिसाब से यह भी देखने में आया कि असम में हिंदू आबादी तेजी से घटी और मुस्लिम आबादी तेजी से बढ़ी 2011 की जनगणना में मुस्लिमों की आबादी और तेजी से बढ़ी। 2001 में जहां यह बढ़ोत्तरी 30.9 प्रतिशत थी, वहीं 2011 में बढ़कर 34.2 प्रतिशत हो गई। जबकि देश के अन्य हिस्सों में मुस्लिमों की आबादी में बढ़ोत्तरी 13.4 प्रतिशत से 14.2 फीसदी तक ही हुई। असम में 35 प्रतिशत से अधिक मुस्लिमों वाली 2001 में विधानसभा सीटें 36 थी, जो 2011 में बढ़कर 39 हो गईं। गौरतलब है कि 1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्र होने के बाद से 1991 तक हिंदुओं की जनसंख्या में 41. 89 फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि इसी दौरान मुस्लिमों की जनसंख्या में 77.42 फीसदी की बेलगाम वृद्धि दर्ज की गई। इसी तरह 1991 से 2001 के बीच असम में हिंदुओं की जनसंख्या 14.95 प्रतिशत बढ़ी, जबकि मुस्लिमों की 29.3 फीसदी बढ़ी। इस घुसपैठ के कारण असम में जनसंख्यात्मक घनत्व गड़बड़ा गया और सांप्रदायिक दंगों का सिलसिला शुरू हो गया। इसका सबसे ज्यादा खामियाजा बोडो आदिवासियों ने भुगता। इन घुसपैठियों को भारतीय नागरिकता देने के काम में असम राज्य कांग्रेस की राष्ट्र विरोधी भूमिका रही है। घुसपैठियों को अपना वोट बैंक बनाने के लिए कांग्रेसियों ने इन्हें बड़ी संख्या में मतदाता पहचान पत्र एवं राशन कार्ड तक हासिल कराए। नागरिकता दिलाने की इसी पहल के चलते घुसपैठिए कांग्रेस को झोली भर-भर के वोट देते रहे हैं। कांग्रेस की तरूण गोगाई सरकार इसी बूते 15 साल सत्ता में रही। लेकिन लगातार घुसपैठ ने कांग्रेस की हालत पतली कर दी थी। फलस्वरूप भाजपा सत्ता में आ गई। इस अवैध घुसपैठ के दुष्प्रभाव पहले अलगाववाद के रूप में देखने में आ रहे थे, लेकिन बाद में राजनीति में प्रभावी हस्तक्षेप के रूप में बदल गए। इन दुष्प्रभावों को पूर्व में सत्तारूढ़ रहा कांग्रेस का केंद्रीय व प्रांतीय नेतृत्व जानबूझकर वोट बैंक बनाए रखने की दृष्टि से अनदेखा करता रहा है। असम को बांग्लादेश से अलग ब्रह्मपुत्र नदी करती है। इस नदी का पाट इतना चौड़ा और दलदली है कि इस पर बाड़ लगाना या दीवार बनाना नामुमकिन है। केवल नावों पर सशस्त्र पहरेदारी के जरिए घुसपैठ को रोका जाता है। लेकिन अब नरेंद्र मोदी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा के घुसपैठियों के विरुद्ध कड़े रुख के चलते अब इनकी वापसी भी शुरू हो गई है। दरअसल 1971 से ही एक सुनियोजित योजना के तहत पूर्वोत्तर भारत, बंगाल, बिहार और दूसरे प्रांतों में घुसपैठ का सिलसिला जारी है। म्यांमार से आए 60,000 घुसपैठिए रोहिंग्या मुस्लिम भी कश्मीर, बेंगलुरु और हैदराबाद में गलत तरीकों से भारतीय नागरिक बनते जा रहे हैं। जबकि कश्मीर से हिंदू, सिख और बौद्धों को धकिया कर पिछले 3 दशक से शरणार्थी बने रहने को विवश कर दिया है। प्रधानमंत्री राजीव गांधी सरकार ने तत्कालीन असम सरकार के साथ मिलकर फैसला लिया था कि 1971 तक जो भी बांग्लादेशी असम में घुसे हैं, उन्हें नागरिकता दी जाएगी और बाकी को भारत की जमीन से निर्वासित किया जाएगा। इस फैसले के तहत ही अब तक कई बार एनआरसी ने नागरिकों की वैध सूची जारी करने की कोशिश की, लेकिन मुस्लिम वोट-बैंक की राजनीति के चलते कांग्रेस, वामपंथी और तृणमूल एनआरसी का विरोध करते रहे हैं। अतएव 2005 में सर्बानंद सोनोवाल बनाम भारत संघ मामले में असम में अवैध प्रवासियों के पहचान से जुड़े एक पुराने कानून को रद्द करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बेहद सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था कि असम में होने वाली भारी घुसपैठ ने राज्यों के नागरिकों के जीवन को आमूलचूल प्रभावित किया है। यह स्थिति एक तरह के अघोषित बाहरी आक्रमण जैसी है। बांग्लादेश के साथ भारत की कुल 4097 किलोमीटर लंबी सीमा-पट्टी है, जिस पर जरूरत के मुताबिक सुरक्षा के इंतजाम नहीं हैं। इस कारण गरीबी और भुखमरी के मारे बांग्लादेशी असम और बंगाल में घुसे चले आते हैं। क्योंकि यहां इन्हें कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल अपने-अपने वोट बैंक बनाने के लालच में भारतीय नागरिकता का सुगम आधार उपलब्ध करा देते हैं। मतदाता पहचान पत्र जहां इन्हें भारतीय नागरिकता का सम्मान हासिल करा देता है, वहीं राशन कार्ड की उपलब्धता इन्हें बीपीएल के दायरे में होने के कारण मुफ्त अनाज की सुविधा दिला देती हैं। आसानी से बन जाने वाले बहुउद्देशीय पहचान वाले आधार कार्ड भी इन घुसपैठियों ने बड़ी मात्रा में हासिल कर लिए हैं। इन सुविधाओं की आसान उपलब्धता के चलते देश में घुसपैठियों की तादाद चार करोड़ से भी ज्यादा बताई जा रही है। यह अच्छी बात है कि अब इनकी नाक में नकेल डालकर बाहर का रास्ता दिखाने की मुहिम युद्ध स्तर पर चल रही है।

**प्रमोद भार्गव ,लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं ।**

# राहुल गांधी के दौरे की तैयारियों में जुटे कांग्रेस नेता

देहरादून। उत्तराखंड दौरे पर आ रहे कांग्रेस के शीर्ष नेता व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आगामी विधानसभा चुनाव का शंखनाद करेंगे। दो दिवसीय दौरे के लिए प्रदेश कांग्रेस तैयारियों में जुट गई है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने अल्मोड़ा में होने वाली रैली और पौड़ी में पूर्व सैनिक सम्मेलन के लिए मोर्चा संभाल लिया है। पौड़ी में होने वाले कार्यक्रम के लिए विधायक विक्रम सिंह नेगी को संयोजक बनाया गया। जबकि अल्मोड़ा रैली के लिए नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, विधायक मनोज तिवारी के अलावा पूर्व सीएम हरीश रावत, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद कुंजवाल सहित अन्य वरिष्ठ नेता लगातार कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने 4 जून को अल्मोड़ा में प्रस्तावित नेता प्रतिपक्ष लोकसभा श्री राहुल गांधी की रैली को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ रैली की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की और संगठन को मजबूत करने के लिए दिशा-निर्देश दिए। हरीश रावत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी की प्रस्तावित रैली प्रदेश की राजनीति में



महत्वपूर्ण संदेश देने वाली होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है और बड़ी संख्या में लोग रैली में शामिल होंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक जनसंपर्क अभियान तेज करने और अधिक से अधिक लोगों को रैली में शामिल कराने का आह्वान किया। रावत ने कहा कि कांग्रेस जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाने का कार्य कर रही है और राहुल गांधी का दौरा प्रदेश में नई ऊर्जा का संचार करेगा। बैठक में कांग्रेस के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधानसभा व लोकसभा चुनाव में लगातार शिकस्त मिलने के बाद 2027 में सत्ता वापस की उम्मीद लगाए कांग्रेस को नई ऊर्जा देने के लिए राहुल गांधी का दौरा अहम माना जा रहा है। वर्ष 2021 में राहुल गांधी उत्तराखंड आए थे। इसके बाद विधानसभा उपचुनाव, लोकसभा चुनाव और वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में उन्हें उत्तराखंड आने का वक्त नहीं मिला। 2027 के चुनाव के लिए कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व उत्तराखंड में सक्रिय नजर आ रहा है। प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा कुमाऊं व गढ़वाल मंडल का पांच-पांच दिन का पहले ही दौरा कर चुकी है। अब चार व पांच जून को राहुल गांधी के दौरे पर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेता राहुल गांधी के उत्तराखंड दौरे के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## उत्तराखंड में बदला मौसम, भारी बारिश के साथ ओलावृष्टि और तूफान से जनजीवन अस्त व्यस्त

देहरादून। उत्तराखंड में गुरुवार देर रात हुई बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। हेमकुंड साहिब में बर्फबारी के बीच जहां श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं। वहीं प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में सड़कें बाधित हो गई है। उत्तराखंड में मौसम का मिजाज अचानक बदला। जहां एक ओर पवित्र हेमकुंड साहिब में बर्फबारी हो रही है, जिससे वहां कड़ाके की ठंड पड़ रही है, वहीं दूसरी ओर भारी बारिश और तूफान व ओलावृष्टि ने राज्य के कई हिस्सों में जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। कड़ाके की ठंड के बावजूद, हेमकुंड साहिब जाने वाले श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। द्वारीखाल विकासखंड में गुरुवार रात्रि को हुई भीषण बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। क्षेत्र में बिजली और नेटवर्क की समस्या गहरा गई है, जिसके कारण शुक्रवार को बैंक, पोस्ट ऑफिस और अन्य सरकारी कार्यों के लिए आए



ग्रामीणों को निराश लौटना पड़ा। सिलोगी और चेलुसैंण क्षेत्रों में बिजली जाने के साथ ही नेटवर्क भी ठप हो जाते हैं, जिससे इंटरनेट आधारित सभी कार्य रुक जाते हैं। बारिश के कारण देवीखेत मोटर मार्ग भी बाधित हुआ है। इसके अलावा, आम, लीची, काफल और पुलम सहित कई फलों की फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। लैंसडौन एरिया में भी पेड़ टूटे हैं और बिजली आपूर्ति बाधित रही। चेलुसैंण देवीखेत मोटरमार्ग भारी बारिश के कारण अवरुद्ध हो गया है। कोटद्वार और भाबर के 70 गांवों में रातभर चली आंधी-तूफान ने लोगों की नींद हराम कर दी। बिजली आपूर्ति बाधित होने से शुक्रवार सुबह घरों में पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित रही। रुड़की क्षेत्र में बृहस्पतिवार देर रात चली तेज आंधी ने आम उत्पादकों और बाग स्वामियों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। तेज हवाओं के कारण आम के बागों में भारी मात्रा में कच्चे और पके हुए आम जमीन पर गिर गए, जिससे बाग स्वामियों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। कई जगहों पर आम के पेड़ों की डालियां भी टूट गईं। शुक्रवार सुबह जब बाग स्वामी अपने बागों में पहुंचे, तो जमीन पर बिखरे आम देखकर उनके चेहरों पर मायूसी साफ झलक रही थी।

## मौसम विभाग ने कई जिलों में भारी बारिश तूफान का अलर्ट जारी किया

देहरादून। उत्तराखंड में भीषण गर्मी और तपती धूप के बीच मौसम विभाग ने गर्मी से राहत मिलने की भविष्यवाणी की है। आज से मौसम बदलने का अनुमान है। राज्य के कई जिलों में मौसम विभाग ने 29 मई को बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। तो वहीं कई पर्वतीय जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट है। जहां उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में तेज बारिश की संभावना जताई जा रही है। तो वहीं देहरादून, टिहरी समेत कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। इसके साथ ही आगे भी मौसम अपना उग्र रूप दिखाने वाला है। 30 और 31 मई के लिए भी येलो अलर्ट जारी किया गया है। आईएमडी ने शुक्रवार, 29 मई के लिए राज्य के उत्तरकाशी, देहरादून, टिहरी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ समेत कुल सात जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान आकाशीय बिजली, ओलावृष्टि और 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक तेज हवाओं का अनुमान है।इसके साथ ही उत्तरकाशी, राजधानी देहरादून, टिहरी, रुद्रप्रयाग और चमोली जिलों में कुछ स्थानों पर अत्यंत भारी बारिश की बड़ी चेतावनी जारी की है। पहाड़ों में भारी बारिश से भूस्खलन का खतरा भी बढ़ सकता है। देहरादून और टिहरी में आंधी-तूफान के साथ ओलों की मार भी देखने को मिल सकती है। साथ ही 29 मई को इन दोनों जिलों में मूसलाधार बारिश की संभावना है। तो वहीं 30 31 मई और 1 जून को भी मौसम ऐसा ही रहने वाला है। कुमाऊं के जिलों अल्मोड़ा, नैनीताल और चम्पावत में भी गरज-चमक के साथ तेज बौछारें देखने को मिल सकती है। मौसम विभाव ने 29 मई की भयंकर तबाही की आशंका जताई है। तो वहीं 30 और 31 मई को पूरे राज्य के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है।

## केदारनाथ के रावल भीमा शंकर लिंग ने दी आमरण अनशन की चेतावनी

रूद्रप्रयाग। गुप्तकाशी विश्वनाथ मंदिर में भगवान की पूजा अर्चना के लिए तैनात पुजारी शांत लिंग यहां तैनात है। बुधवार को उनका ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ का स्थानातंरण का आदेश जारी हुआ।उनके स्थान पर ईश्वर लिंग की तैनाती का आदेश बीकेटीसी (बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति) के सीईओ ने किया है। केदारनाथ के रावल भीमा शंकर लिंग ने इसे परंपरा के विपरित बताया है। रावल ने बुधवार में पत्र लिख कर बीकेटीसी के उच्च अधिकारियों से कहा कि परंपरा के अनुसार केदारनाथ में पंच पुजारी रहते है। वर्तमान में यहां एक पद रिक्त है। पुजारी की नियुक्ति रावल की संस्तुति के आधार पर होती है। रावल ने कहा कि परंपरा के अनुसार शांत लिंग को संस्तुति पत्र दिया है। इसी आधार पर वे गुप्तकाशी में कार्यरत है। इसी संस्तुति पर उन्हें गुप्तकाशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा के लिए बीकेटीसी ने तैनात किया है। यहां परंपरा के अनुसार पूजापाठ चल रहा है। रावल ने कहा अचानक बुधवार को यहां ईश्वर लिंग की नियुक्ति का आदेश दिया गया है। जबकि रावल ने ईश्वर लिंग को संस्तुति पत्र नहीं दिया है। रावल ने इसे परंपरा से विपरित बताया है। उन्होंने आदेश स्थगित करने व परंपरा की रक्षा करने की मांग की है। वहीं बीकेटीसी के सीईओ सोहन सिंह रागड़ ने बताया कि आदेश पत्र जारी किया गया है। इस संदर्भ में केदानाथ रावल से वार्ता कर परंपरा के अनुसार कार्य होगा।

## मानसून से पहले झाड़ी कटान और नाली सफाई अभियान जारी

चम्पावत (उद संवाददाता)। मानसून सीजन के दौरान जनपद की सड़कों को सुरक्षित और सुचारु बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर सभी निर्माण एवं अनुरक्षण एजेंसियों ने युद्धस्तर पर अभियान शुरू कर दिया है। जनपदभर में झाड़ी कटान, नाली सफाई और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मानसून शुरू होने से पहले सभी मुख्य और संपर्क मार्गों पर ड्रेन क्लियरेंस का कार्य पूर्ण कर लिया जाए, जिससे वर्षाकाल में जलभराव और मार्ग अवरुद्ध होने जैसी समस्याओं से बचा जा सके। इसी क्रम में लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, पीएमजीएसवाई और जिला पंचायत जैसी विभिन्न एजेंसियां अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिशासी अभियंता दीपक जोशी ने बताया कि एनएच 09 के बेलखेत से मुड़ियानी सेक्शन में ड्रेन क्लियरेंस और झाड़ी कटान का काम



तेजी से चल रहा है। वहीं, लोक निर्माण विभाग लोहाघाट के अधिशासी अभियंता हितेश कांडपाल ने जानकारी दी कि विभाग द्वारा खेतीखान मार्ग, वालिक गागर मार्ग, लोहाघाट सिमलखेत मोटर मार्ग और एसएच 57 सहित अन्य आंतरिक मार्गों पर नालियों की सफाई कराई जा रही है। लोक निर्माण विभाग चम्पावत के अधिशासी अभियंता एम.सी. पलड़िया ने बताया कि चम्पावत मंच तमाली मोटर मार्ग पर विशेष अभियान चलाकर नालियों की सफाई की जा रही है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अधिशासी अभियंता त्रिभुवन बिष्ट ने बताया कि अमोड़ी छतकोट, स्याला पोथ और धौन सल्ली मोटर मार्ग सहित ग्रामीण सड़कों पर झाड़ी कटान और ड्रेन क्लीनिंग का कार्य युद्धस्तर पर जारी है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों की संपर्क व्यवस्था बाधित न हो। इसके अलावा, जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी कमलेश बिष्ट ने बताया कि देवीधुरा सहित विभिन्न पंचायत क्षेत्रों में नियमित मॉनिटरिंग के साथ नाली सफाई कराई जा रही है। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि मानसून के दौरान आमजन को असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से काम कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशील और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने और नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

## पेज एक का शेष...

**अंतिम व्यक्ति तक पहंचे...**पुष्कर सिंह धामी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा सहित अनेक वरिष्ठ नेता, सांसद और विधायक मौजूद रहे। इससे पूर्व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बीसी खंडूड़ी के आवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। इसके बाद उन्होंने राजपुर रोड स्थित एक होटल में संगठनात्मक बैठकों का सिलसिला शुरू किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रदेश पदाधिकारियों, प्रदेश मोर्चा अध्यक्षों, महामंत्रियों, जिला प्रभारियों, सह प्रभारियों और जिला अध्यक्षों के साथ अलग बैठक कर संगठन विस्तार, बूथ स्तर की सक्रियता और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की। वहीं शाम चार बजे से महापौरों, नगर पालिका अध्यक्षों, नगर पंचायत अध्यक्षों, जिला पंचायत अध्यक्षों, उपाध्यक्षों और ब्लॉक प्रमुखों के साथ बैठक प्रस्तावित है, जिसमें स्थानीय निकायों से जुड़े विषयों और संगठनात्मक समन्वय पर विचार विमर्श किया जाएगा। इसके बाद मीडिया, सोशल मीडिया, आईटी विभाग और प्रदेश प्रवक्ताओं के साथ भी अलग बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में पार्टी की मीडिया रणनीति, डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सक्रियता और सरकार की योजनाओं व संगठन के संदेश को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने पर चर्चा होगी। अपने प्रवास के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन शाम को ऋषिकेश स्थित परमार्थ निकेतन पहुंचेंगे, जहां वह गंगा आरती में सहभागिता करेंगे तथा संत समाज के साथ संवाद भी करेंगे।

**लाखों की चोरी का पर्दाफाश....** कनवाल निवासी हिम्मतपुर तल्ला, हल्द्वानी ने थाना मुखानी में तहरीर देकर बताया था कि बच्चीनगर नंबर-1 स्थित उनके कार्यालय का शटर उखाड़कर अज्ञात चोर करीब साढ़े तीन लाख रुपये की नकदी और जरूरी दस्तावेज चोरी कर ले गए हैं। तहरीर के आधार पर थाना मुखानी में मुकदमा दर्ज किया गया। घटना के बाद पुलिस टीम ने तत्काल जांच शुरू करते हुए आसपास लगे दर्जनों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया, जिसके आधार पर पुलिस ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर तलाश शुरू कर दी। 28 मई को पुलिस टीम ने लामाचौड़ खास क्षेत्र में चेकिंग अभियान के दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बबलू पुत्र डोरी लाल निवासी कालिका कॉलोनी, लोहारियासाल तल्ला, पोस्ट ऑफिस काठघरिया, हल्द्वानी के रूप में हुई। आरोपी मूल रूप से बरखेड़ा थाना क्षेत्र, जिला पीलीभीत उत्तर प्रदेश का निवासी बताया गया है। पुलिस ने आरोपी की तलाशी के दौरान उसके कब्जे से चोरी की गई रकम में से 3 लाख 17 हजार 500 रुपये नकद तथा वादी का आधार कार्ड बरामद किया। पुलिस ने मामले में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी भी की है। साथ ही आरोपी के आपराधिक इतिहास की जानकारी अन्य जनपदों और थानों से जुटाई जा रही है। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि जिले में कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष मुखानी सुशील जोशी, उपनिरीक्षक राजेंद्र सिंह, कांस्टेबल रोहित और कांस्टेबल पूरन सिंह शामिल रहे।

**मौत बनकर पलटा...**डंपर के नीचे गिरते ही तेज आवाज हुई और कुछ ही देर में मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। गौरतलब है कि टिहरी जनपद में सड़क हादसों का सिलसिला लगातार जारी है। पहाड़ी क्षेत्रों में संकरी सड़कों, तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इससे पहले 23 अप्रैल 2026 को चंबा क्षेत्र में चंबा कोटी मार्ग पर नैल के पास एक बोलेरो कैंपर वाहन गहरी खाई में गिर गया था, जिसमें आठ लोगों की मौत हो गई थी, जबकि दो लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला गया था। लगातार हो रहे हादसों को लेकर स्थानीय लोग भी चिंता जता रहे हैं।

**हादसे में बुजुर्ग...**बताया जाता है कि मृतक प्रतिपाल सिंह के दो पुत्र व एक पुत्री हैं जिनका विवाह हो चुका है। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। घटना की जानकारी मिलने पर किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व समाजसेवी सुशील गाबा आदि ने मोर्चरी पहुंचकर परिजनों से मुलाकात कर घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया।

**रीठा साहिब जोड़ मेले....**स्वास्थ्य सेवाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाए गए हैं तथा स्वच्छ पेयजल, शौचालय और साफ सफाई के लिए अतिरिक्त पर्यावरण मित्रों की तैनाती की गई है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। पुलिस विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर चेक पोस्ट स्थापित किए गए हैं तथा पर्वतीय मार्गों पर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। कार सेवा प्रमुख बाबा सुरेंद्र सिंह ने श्रद्धालुओं से पर्वतीय मार्गों पर संयम और सावधानी के साथ यात्रा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि गुरु महाराज की कृपा और जिला प्रशासन के सहयोग से मेले की सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित की जा रही हैं। उन्होंने रीठा साहिब की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह वही ऐतिहासिक स्थान है जहां जगत गुरु गुरु नानक देव ने योगियों के साथ सत्संग किया था और कड़वे रीठे में मिठास भरकर पूरी मानवता को प्रेम, सेवा और सद्भाव का संदेश दिया था। गुरुद्वारा प्रबंधक बाबा श्याम सिंह ने बताया कि सुबह से गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ का शुभारंभ विधिवत रूप से किया गया है। शबद कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों से पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक वातावरण में डूबा हुआ है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, पुलिस विभाग और गुरुद्वारा प्रबंधन समिति आपसी समन्वय के साथ मेले को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में जुटे हैं। उद्घाटन समारोह के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी, अजीत पाल सिंह, दलजीत सिंह, हीरा सिंह, निर्मल सिंह, अजीत सिंह, स्थानीय ग्राम प्रधान, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

**वाटर पार्क में ....** को अधमरी हालत में छोड़कर फरार हो गए। पीड़ित पक्ष का कहना है कि पूरी घटना वाटर पार्क के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। बाद में जानकारी जुटाने पर कुछ आरोपियों की पहचान साहिब, समीर, मुमाशिफ, गौरव कोली, लक्ष्मण उर्फ अनुराग और सोहिल उर्फ साफिक के रूप में हुई। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)




गुरू मां **Guru Maa Enterprises**

**RUDRAPUR** - 9927882338, **KASHIPUR**- Ramnagar Road 8791989500, Cheema Chauraha 9927813555, **HALDWANI** - Tikonia 9997207007, Pilikothi 9690256666, 8126564216, **HARIDWAR** - 9761699704, **MORADABAD** - Civil Lines-7500839146, Punjab Electronics - 9837040878, GEE AAR Elc- 9719077772, Hitesh Electricals- 9897894211, Bunty Mobile- 7500000266, **SAMBHAL** - Aiaza Mart- 9837254639, **GADARPUR** - Gurunanak Enterprises, 9927850999, **KICHHA** - Deepak Eletronics 7017575920, **ALMORA** - Gupta Electronics 7895887544, **LALKUAN** - New Radhe Radhe 8923493000, **PITHORAGHRH** - Shiva Enterprises 9760633187, **KOTDWAR** - Shree Keshav Electronics- 9205867411, **PANIPAT** - 8607964000, **KARNAL**- 8684077000.